दैनिक भास्कर 01/04/2023

# रबनूर को किया राज्यपाल ने सम्मानित



**अम्बाला** | हरियाणा गर्ल्स बटालियन एनसीसी की सेकेंड ऑफिसर रबनूर को महानिदेशक एनसीसी पदक से सम्मानित किए जाने के लिए राज्यपाल ने सम्मानित किया। सम्मान समारोह में कैडेट रबनूर सहित उसकी माता डॉ. मनजीत कौर तथा पिता सतिंदर पाल सिंह को भी आमंत्रित किया गया। ये अवार्ड उन्हें गणतंत्र दिवस कैंप के दौरान सांस्कृतिक टीम की हेड के रूप में अपनी विशिष्ट उपलब्धियों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के प्रति अत्यधिक ईमानदारी, समर्पण और अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए दिया गया। उच्चतर शिक्षा विभाग की तरफ से रबनूर को 21 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दिए।